मृत्यु समीक्षा प्रक्रिया का समझना

क्राइस्टचर्च मस्जिद पर हुए हमले की मृत्यु समीक्षा पूछताछ

CORONERS COURT
Te Kōti Kaitirotiro Matewhawhati

कौन शामिल है?

मृत्यु समीक्षक

स्वतंत्र न्यायिक अधिकारी (जैसे की न्यायाधीश)

- यह तय करता है कि क्या पूछताछ की आवश्यकता है, और यह किन चीजों पर गौर करेंगी
- इच्छुक पक्षों के साथ साक्ष्य साझा करता है और साक्ष्य का मूल्यांकन करता है
- मृत्यु समीक्षा पूछताछ का, जांच की सुनवाई का (यदि आवश्यक हो) संचालन करता है और निष्कर्ष एवं अनुशंसाएँ पेश करता है

- मृतक पर निर्भर परिवार अधिकारिक रूप से इच्छुक पक्ष होते हैं
- एक महत्त्वपूर्ण संबंध वाले अन्य व्यक्ति या संस्थाएं इच्छुक पक्ष होने का अनुरोध कर सकते हैं
- इस पूछताछ में 100+ इच्छुक पक्ष हैं

मृत्यु समीक्षा सेवाएँ

- मृत्यु समीक्षक को समर्थन प्रदान करती हैं
- मृत्यु समीक्षा प्रकरणों का व्यवस्थापन और सुनवाईयों का संचालन करती हैं
- इच्छुक पक्षों को अपने वकीलों द्वारा या सीधे तौर पर जानकारी प्रदान करती हैं

पूछताछ में सहायता करने वाले सलाहकार

मृत्यु समीक्षक को पूछताछ में सहायता देने वाले वकील

- मृत्यु समीक्षक को कानूनी समर्थन और सलाह प्रदान करते हैं
- मृत्यु समीक्षा सेवाओं के कर्मचारी या अनुबंधित निजी वकील हो सकते हैं

वकील

- मृत्यु समीक्षा पूछताछ में इच्छुक पक्षों का प्रतिनिधित्व करते हैं
- पूरी प्रक्रिया के दौरान क्या हो रहा है इसका स्पष्टीकरण देते हैं

न्याय मंत्रालय

- पूछताछ का समर्थन करने हेतु अदालतें और आईटी प्रणालियों जैसे संसाधनों को प्रदान करता है